न्यूज़ बुलेटिन :

# सन्मार्ग

वर्ष–1

अंक–7

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ की प्रस्तुति

मासिक –मई, 2023

## सत्र का उद्देश्य

- पढ़ने और सीखने की प्रवृत्ति को रूचिकर बनाना
- शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाना
- देश और मानवता के हित में अपने को योजित करना
- नैतिक और धार्मिक मूल्यों का अवगाहन

**प्रबन्धक**

इं0 वी0 के0 मिश्र

**प्राचार्य**

प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय

**सम्पादकीय**

**सम्पादक**

राजीव यादव

**उप–सम्पादक**

नितिन कुमार सिंह

**सहयोग**

पुष्पेन्द्र कुमार

# कालीचरण पी०जी० कॉलेज

**हरदोई रोड, चौक, लखनऊ–226003**

**(लखनऊ विश्वविद्यालय)**

## Events at College



महाविद्यालय में दिनांक 12.05.2023 को अर्थशास्त्र विभाग के छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों के माध्यम से 'बजट' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय जी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का पर्यवेक्षण अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्रोफेसर श्रीमती सुषमा राठौर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत विभाग के वरिष्ठ विद्यार्थियों ने बजट के ढ़ांचे, विभिन्न आधारभूत धारणाओं, वर्तमान बजट के उदाहरण द्वारा बजट की रूप रेखा तथा प्रभाव इत्यादि बिन्दुओं पर विभाग के अन्य विद्यार्थियों से चर्चा की एवं प्रश्नों के उत्तर भी दियें।





दिनांक 13.05.2023 को महाविद्यालय की 'सांस्कृतिक समिति' के द्वारा "फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता" का आयोजन प्रातः 10:30 बजे बहुद्देशीय सभागार में किया गया, जिसमें कुल 12 टीम/24 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी ने स्वयं के द्वारा लायी गयी सामग्री की सहायता से बिना किसी अग्नियुक्त यन्त्रों का प्रयोग किए ही स्वादिष्ट व्यंजन बनाये, जिसमें फ्रूट सलाद, शरबत–ए–मोहब्बत, केशरिया पना तथा अन्य आर्युवेदिक पेय एवं खाद्य सामग्री तैयार की गयी। प्रतियोगिता के मूल्यांकन हेतु महाविद्यालय के निर्णायक मण्डल– प्रो0 मीना कुमारी, डॉ0 मुकेश कुमार मिश्र, डॉ0 प्रितिश चन्द्र वैश्य एवं डॉ0 दीपमाला ने सभी व्यंजनों को चखकर विजेता टीम का चयन किया, जिसमें नैना बहेलिया और सुधा देवी प्रथम स्थान, तैय्यबा खान और मो0 शाहबान द्वितीय स्थान एवं तन्वी चौधरी और प्रज्ञा द्विवेदी तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय का रहा, जिसमें बहुत संख्या में प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें। सम्पूर्ण प्रतियोगिता सांस्कृतिक समिति की समन्वयक डॉ0 अल्का द्विवेदी एवं सदस्यों की देखरेख में सम्पन्न हुई।




दिनांक 15.05.2023 को कालीचरण पी0जी0 कालेज में बीएसएन इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर चंद्र मोहन उपाध्याय ने बताया कि प्रथम चरण में 28 और दूसरे चरण में 10 विद्यार्थियों को चयनित कर ट्रेनिंग के माध्यम से सेल्स एंड मार्केटिंग सेक्टर में कंपनी रोजगार देगी।




दिनांक 18.05.2023, दिन वृहस्पतिवार को कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ के शिक्षाशास्त्र विभाग के एम0ए0 फाइनल वर्ष (IVth Sem.) के विद्यार्थियों द्वारा "फ्रेशर एवं फेयरवेल कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रो0 मीना कुमारी, विभाग प्रभारी, समाजशास्त्र ने किया। फेयरवेल कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत व लघु नाटिका आदि का मन मोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसे देखकर दर्शक भाव विभोर हो उठे। इसी दौरान मिस्टर एण्ड मिस फेयरवेल प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित हुई जिसमें सोनी कश्यप को मिस फेयरवेल और हसमत रज़ा को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण ने उपस्थित होकर बच्चों को आर्शीवाद दिया तथा उनके मनमोहक प्रस्तुति का आनन्द उठाते हुए उन्हें ज्ञान, कौशल और जीवन में उन्नति की ओर अग्रसर होने का आर्शीवाद और शुभकामनाएं दिया। साथ ही प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय द्वारा छात्र आदित्य यादव, को शिक्षाशास्त्र विषय से (जे0आर0एफ0) नेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सम्मानित किया गया। समस्त कार्यक्रम शिक्षाशास्त्र विभाग की विभाग प्रभारी डॉ0 अल्का द्विवेदी एवं उनकी सहयोगियों डॉ0 मंजूषा अवस्थी एवं डॉ0 अनीता आर्य की कुशल देख रेख में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन अंकिता श्रीवास्तव एवं माण्डवी शुक्ला ने किया।



एण्टी रैगिंग एवं ग्रीवृंस् सेल **(Anti-Ragging and Grievance Cell)** के तत्वाधान में छात्राओं का दो दिवसीय "आत्मरक्षा शिविर कार्यक्रम" का आयोजन किया गया जिसके प्रथम दिन (दिनांक 22.05.2023) आत्मरक्षा हेतु ताइक्वान्डो–प्रशिक्षण में सिंगल पंच, डबल पंच, फेस पंच व हुक पंच आदि का प्रशिक्षण दिया गया एवं दूसरे दिन (दिनांक 23.05.2023) विभिन्न रक्षा तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया। महाविद्यालय की छात्राएं स्नेहा यादव और नमिता यादव ने मॉडल ट्रेनर के रूप में दोनो ही दिन महाविद्यालय की छात्राओं को ताइक्वान्डो की ट्रेनिंग दी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय द्वारा ताइक्वान्डों प्रशिक्षण का महत्व बताते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया एवं सर्टिफिकेट्स कोर्स शुरू करने का आश्वासन दिया। महाविद्यालय से 60 छात्राओं ने इसमें प्रशिक्षण लिया जिसमें से 20 छात्राओं को आगामी सर्टिफिकेट कोर्स के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन कर रहीं प्रो0 कल्याणी द्विवेदी जी ने प्रशिक्षण में अपनी पूर्ण सहभागिता देते हुए कुशल संचालन किया। कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्य डॉ0 दीपमाला वर्मा, डॉ0 मोनिका याज्ञनिक व डॉ0 स्तुति त्रिपाठी उपस्थित रहीं।



## ~श्रद्धांजली~

दिनांक 23.05.2023 को महाविद्यालय के पूर्व प्रबंधक श्रद्धेय विनोद कुमार धवन जी का स्वर्गवास हो गया। महाविद्यालय द्वारा उनको श्रद्धांजली अर्पित की गयी।

दिनांक 24 व 25.05.2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा योग्ञ विज्ञान शिविर का आयोजन कालीचरण पी0जी0 कालेज में किया गया। प्रयाग आरोग्यम केंद्र (योग प्रशिक्षण एवं योगाभ्यास केंद्र) के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों को योग का प्रशिक्षण दिया गया। योगाभ्यास की शुरूवात प्रार्थना मंत्र से करते हुए अनुशासन के महत्व को योगाचार्य प्रशांत शुक्ल के द्वारा बताया गया। सभी विद्यार्थियों को योग के पारंपरिक मूल्यों, महत्व, लाभ एवं विधि की विस्तृत जानकारी दी गई। राष्ट्रीय



सेवा योजना के छात्रों के द्वारा एकाग्रता विकसित करने बहुमुखी प्रतिभा के विकास के लिए शरीर को लचीला बनाने के लिए एवं बीमारियों को प्रबंधित करने के लिए योगाभ्यास कराया गया। युवाओं के प्रश्नों का समाधान योगाचार्य प्रशांत शुक्ल के ने बताया की योस से आप सभी सपनों को पूरा कर सकते हैं स्वास्थ्य के लिए योग बहुत ही सरल और सहज अभ्यास है जिसे आप आसानी से विद्यार्थी जन कर सकते हैं। योग विज्ञान प्रशिक्षण शिविर के समय संयोजनक डॉ0 अल्का द्विवेदी, प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय, प्रबंधक इंजीनियर वीके मिश्र की उपस्थिति रही। डॉ0 अल्का द्विवेदी जी के द्वारा योगाचार्य प्रशांत शुक्ल को सम्मानित किया गया। योग, विज्ञान शिविर के दौरान योगाचार्य प्रशांत शुक्ला के द्वारा योग में रोजगार कैसे प्राप्त करें और यह युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी है स्वास्थ्य की दृष्टि से अच्छा है इसके बारे में व्याख्यान दिया गया। आज के योग विज्ञान शिविर के आयोजन में योग प्रशिक्षक विनीत यादव, संध्या सिंह, गौरी दीक्षित भी उपस्थित रहे।



दिनांक 27.05.2023 को महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा हेल्थ एवं हाइजीन पर एक व्याख्यान रखा गया जिसमें नामचीन एन.जी.ओ. एक कोशिश ऐसी भी की चेयरपर्सन श्रीमती वर्षा को आमंत्रित किया गया। श्रीमती वर्षा वर्मा की ख्याति यह है कि कोविड काल से अब तक लगभग 4200 शवों का अंतिम संस्कार करा चुकी है एवं पूरे प्रदेश में निशुल्क वाहनों की सुविधा उपलब्ध कराई है। रीमती वर्षा ने महाविद्यालय की छात्राओं को 118 नम्बर के डायल की अपील की एवं यह नंबर छात्राओं की क्या सहायता कर सकता है के बारे में बताया। छात्राओं द्वारा हेल्थ एवं हाइजीन से जुड़ी समस्याओं संबंधित पूछे गए प्रश्नों का वर्षा जी ने बड़े सरलता एवं सहजता से जवाब दिया उन्होने छात्राओं से अपील की कि वे अपनी बात खुलकर बातए ताकि उनकी समस्याओं को दूर कर  किया जा सके। मासिक धर्म के दौरान आने वाली समस्याएं जैसे महंगी सेनेटरी नैपकिन होने वाले असहनीय दर्द एवं आंतरिक सफाईग पर खुल कर बात की जिसे सुनकर छात्राओं में आत्मविश्वास जागा और छात्राओं ने श्रीमती वर्षा वर्मा से खुलकर अपनी बहनों तथा घर की महिलाओं की समस्याओं को भी पूछा जिसे बताने में वह पहले संकोचा करती थी। उन्होंनो महाविद्यालय की छात्राओं को यह आश्वसत किया कि वह अपनी संस्था की ओर से शीघ्रताशीघ्र सैनेटरी वेडिंग मशीन की भी व्यवस्ता करायेंगी। छात्राओं की किसी भी समस्याओं को कम करने के लिए समस्याओं को कम करने के लिए संगीत, नृत्य नियमित व्यायाम तथा खुलकर हंसने की महत्ता को बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय द्वारा श्रीमती वर्षा वर्मा का स्वागत किया गया। प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ0 अल्का द्विवेदी ने छात्राओं से अपील की कि वह अपनी बात "महिला प्रकोष्ठ" के सामने रखें ताकि अपनी उनकी समस्याओं को दूर किया जा सके। इस व्याख्यान में महाविद्यालय की महिला शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं एवं प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों ने सहभागिता की।




कालीचरण पी0जी0 कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 31.05.2023 को "अग्निशमन से बचाव एवं सुरक्षा" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के प्रारम्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने नागरिक सुरक्षा कोर से आए हुए श्री मनोज वर्मा तथा उनकी टीम को पौधा देकर स्वागत किया एवं विद्याथियों को अग्निशमन की जागरूकता के लिए प्रेरित किया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में नागरिक सुरक्षा कोर की तरफ से राष्ट्रपति पदक से सम्मानित सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज वर्मा एवं वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक सुमित मौर्य ने विद्यार्थियों को शॉर्ट सर्किट एवं एलपीजी सिलेंडर में आग लगने से बचाव एवं सुरक्षा के विषय में जागरूक किया। इस अवसर पर बताया गया कि आग लगने पर क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। नागरिक सुरक्षा कोर की टीम ने अग्निशमन पर विस्तृत

जानकारी देते हुए आग क्या होती है और कितने प्रकार की होती है तथा आग को किन–किन विधियों के द्वारा नियंत्रित किया जााता है के बारे में विस्तार से विद्यार्थियों को बताया । साथ ही साथ आग पर काबू पाने के लिए प्रयोग होने वाले अग्निशमन यंत्र के उपयोग की प्रायोगिक जानकारी भी प्रदान की। जिसके बाद विद्यार्थियों ने छोटी को आग को कंबल के माध्यम से बुझाने का तरीका भी सीखा। इस एक दिवसीय कार्यशाला में लगभग 110 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अल्का द्विवेदी, डॉ0 मुकेश कुमार मिश्रा, डॉ0 राजकुमार सिंह एवं नागरि सुरक्षा को से श्री मनोज तिवारी और मोहम्मद फैजल उपस्थित रहे।

## Kalicharan in Newspaper



कालीचरण पीजी कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल शिक्षक व छात्राएं। अमृत विचार

### छात्राओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** कालीचरण पीजी कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ द्वारा हेल्थ एवं हाइजीन पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद एनजीओ 'एक कोशिश ऐसी भी' की चेयरपर्सन वर्षा वर्मा ने छात्राओं को स्वस्थ और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान छात्राओं द्वारा पूछे गए सवालों के भी जवाब देकर उनकी जिज्ञासा दूर की। उन्होंने छात्राओं से मासिक धर्म के दौरान आने वाली समस्याएं जैसे महंगी सेनेटरी नैपकिन, होने वाले असहनीय दर्द एवं आंतरिक सफाई पर खुल कर बात करने को कहा। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंद्र मोहन उपाध्याय मौजूद रहे।

### योग प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ



**लखनऊ।** कालीचरण पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 24 मई 2023 से दो दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ किया गय। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय के मार्गदर्शन में इस दो दिवसीय शिविर की शुरुआत की गई जिसमें लगभग 60 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशांत शुक्ला (संस्थापक प्रयाग आरोग्य केंद्र) एवं विनीत कुमार (योग प्रशिक्षक) ने विद्यार्थियों को योग की बारीकियां सिखाई एवं विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। इस प्रशिक्षण शिविर में दोनों प्रशिक्षकों ने योग में भविष्य बनाने एवं योग के कौशल को सुधारने की तकनीक भी विद्यार्थियों को बताई। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्का द्विवेदी, डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा, डॉ. राजकुमार सिंह एवं डॉ. शिव कुमार उपस्थित रहे।

### कालीचरण में 16 कोर्सों की होगी ऑनलाइन पढ़ाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**20 से 120 घंटे की अवधि के होंगे पाठ्यक्रम, पंजीकरण शुल्क रहेगा एक हजार रुपये**

लखनऊ। कालीचरण पीजी कॉलेज नए सत्र से इसी महाविद्यालय के छात्रों को बड़ी सुविधा देने जा रहा है। जुलाई के पहले सप्ताह से यहां पर विद्यार्थियों के लिए 16 ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की शुरूआत की जाएगी। इन पाठ्यक्रमों में आईटी, अकाउंटिंग समेत अन्य विषय शामिल होंगे। छात्र-छात्राओं को कोई शुल्क नहीं देना होगा। लेकिन पंजीकरण शुल्क एक हजार रुपये होगा। पाठ्यक्रमों की अवधि 20 से 120 घंटों की होगी।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सीएम उपाध्याय ने बताया कि बीएसएन इंफोटेक लिमिटेड के प्रबंधक वीके मिश्र की ओर से महाविद्यालय के साथ किए गए करार के तहत ये पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। इसके लिए विद्यार्थियों को विद्या ब्रिज पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। इसके बाद वे इन पाठ्यक्रमों की पढ़ाई का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि एमओयू का उद्देश्य ऑनलाइन कोर्स की मदद से विद्यार्थियों में नवाचार के साथ व्यावहारिक और व्यावसायिक ज्ञान को विकसित करना है जिससे उनके व्यक्तित्व निर्माण में मदद मिल सके। प्राचार्य ने बताया कि ऑनलाइन कोर्सों से विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए आवश्यक विकल्पों का ज्ञान हो सकेगा। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी www. vidyabridge. bsninfotech.net पर विजिट कर सकते हैं।

**ये हैं ऑनलाइन कोर्स**

■ साइबर सिक्योरिटीज ■ आइटी एप्लीकेशन ■ टाइप राइटिंग ■ सेल्स मार्केटिंग ■ आइटी स्किल्स अकाउंटिंग एंड फाइनेंस ■ कॉलेज एंड स्कूल मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर ■ बिजनेस अकाउंटिग सॉफ्टवेयर्स ■ इफैक्टिव कम्युनिकेशंस ■ पब्लिक स्पीकिंग एंड ग्रुप डिस्कशन ■ प्रजेन्टेशन स्किल्स ■ डिसीजन मेकिंग ■ इंटरव्यू स्किल्स ■ पॉजिटिव माइंड फ्रेम ■ कॉन्फिडेन्स बिल्डिंग

### बताए आग से बचाव के तरीके

**लखनऊ :** कालीचरण पीजी कालेज मे एनएसएस की ओर से बुधवार को अग्निशमन से बचाव एवं सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। नागरिक सुरक्षा कोर से आए वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक मनोज वर्मा एवं सुमित मौर्य ने शार्ट–सर्किट एवं एलपीजी सिलेंडर मे आग लगने से बचाव एवं सुरक्षा के विषय मे जागरूक किया। प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय, डा. अल्का द्विवेदी, डा. मुकेश मिश्रा उपस्थित रहे। (जासं)

### सोनी कश्यप मिस और हसन रजा बने मिस्टर फेयरवेल



कालीचरण पीजी कालेज मे गुरुवार को फेयरवेल मे सोनी कश्यप को मिस फेयरवेल और हसन रजा को मिस्टर फेयरवेल चुना गया ● सौजन्य से कालेज

**जासं, लखनऊ :** कालीचरण पीजी कालेज में गुरुवार को शिक्षा विभाग के एमए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य, संगीत व लघु नाटिका की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की प्रभारी प्रो. मीना कुमारी ने की। प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने बताया कि सोनी कश्यप को मिस फेयरवेल और हसन रजा को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। छात्र आदित्य यादव को शिक्षा शास्त्र विषय में जेआरएफ नेट की परीक्षा पास होने के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया।

**विजेताओं को सम्मान**

**जासं, लखनऊ :** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में गुरुवार को एकल फ्यूचर के सहयोग से कार्यक्रम "वाई-20 : एक परिप्रेक्ष्य" कार्यक्रम हुआ। "राष्ट्र, पर्यावरण एवं युवा" विषय पर भाषण, पोस्टर, एवं फोटोग्राफी की प्रतियोगिताएं भी हुई। मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान, एकल अभियान के राष्ट्रीय महामंत्री माधवेंद्र सिंह, जिला युवा अधिकारी विकास सिंह थे। विजेता, उपविजेताओं को सम्मानित किया गया।

### हेल्थ हाईजीन पर परिचर्चा

**लखनऊ।** कालीचरण पीजी कॉलेज में शनिवार को हेल्थ हाइजीन विषय पर परिचर्चा हुई। मुख्य वक्ता एक कोशिश ऐसी भी संस्था की अध्यक्ष वर्षा वर्मा ने छात्राओं को स्वच्छता से जुड़े मुद्दों को लेकर जागरूक किया। प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने वर्षा का परिचय कराते हुए बताया कि वह कोविड काल से असहायों के चार हजार से अधिक शवों का अब तक अंतिम संस्कार करवा चुकी हैं। (संवाद)

# कालीचरण पीजी कॉलेज में दो दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा योग विज्ञान शिविर का आयोजन कालीचरण पीजी कॉलेज में किया गया। प्रयाग आरोग्यम् केंद्र (योग प्रशिक्षण एवं योगाभ्यास केंद्र) के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों को योग का प्रशिक्षण दिया गया। योगाभ्यास की शुरुवात प्रार्थना मंत्र से करते हुए अनुशासन के महत्व को योगाचार्य प्रशांत शुक्ल के द्वारा बताया गया।

सभी विद्यार्थियों को योग के पारंपरिक मूल्यों, महत्त्व, लाभ एवं विधि की विस्तृत जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों के द्वारा एकाग्रता विकसित करने बहुमुखी प्रतिभा के विकास के लिए शरीर को लचीला बनाने के लिए एवं बीमारियों को प्रबंधित करने के लिए योगाभ्यास कराया गया। युवाओं के प्रश्नों का समाधान योगाचार्य प्रशांत शुक्ल के द्वारा शिविर के अंत में किया गया जिसमें प्रमुख प्रश्न कि शरीर को लचीला कैसे बनाएं योगाभ्यास को जीवन में कैसे उतारें प्रमुख रहे। योगाचार्य प्रशांत शुक्ल ने बताया की योग से आप सभी अपने सभी सपनों को पूरा कर सकते हैं स्वास्थ्य के लिए योग बहुत ही सरल और सहज अभ्यास है जिसे आप आसानी से विद्यार्थी जन कर सकते हैं। योग विज्ञान प्रशिक्षण शिविर के समय संयोजक डॉ अलका द्विवेदी , प्राचार्य प्रोफ़ेसर चंद्र मोहन उपाध्याय, प्रबंधक इंजीनियर वीके मिश्र की उपस्थिति रही। डॉ अल्का द्विवेदी जी के द्वारा योगाचार्य प्रशांत शुक्ल को सम्मानित किया गया। योग विज्ञान शिविर के दौरान योगाचार्य प्रशांत शुक्ला के द्वारा योग में रोजगार कैसे प्राप्त करें और यह युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी है स्वास्थ्य की दृष्टि से अच्छा है इसके बारे में व्याख्यान दिया गया।आज के योग विज्ञान शिविर के आयोजन में योग प्रशिक्षक विनीत यादव ,संध्या सिंह ,गौरी दीक्षित भी उपस्थित रहे !

हिन्दुस्तान

## छात्राओं ने मासिक धर्म से जुड़ी समस्याओं पर की बात

हिन्दुस्तान टीम | 27/05/2023 06:25:06 PM



लखनऊ। संवाददाता

कालीचरण पीजी कॉलेज में शनिवार को छात्राओं ने मासिक धर्म के दौरान होने वाली समस्याओं पर खुलकर बात की। हाइजीन व हेल्थ पर आयोजित व्याख्यान में कॉलेज द्वारा छात्राओं को अपनी बात रखने व सवाल पूछने का मौका दिया गया। जिसके जवाब 'एक कोशिश ऐसी भी एनजीओ की चेयरपर्सन वर्षा वर्मा ने दिए। प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने बताया कि एनजीओ द्वारा छात्राओं के लिए कॉलेज में एक सेनेटरी वेंडिंग मशीन लगवाने का आश्वासन दिया गया है। इस मौके पर कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. अल्का

लखनऊ, 25 मई, 2023 दैनिक जागरण

## कालीचरण कालेज: विद्यार्थियों को सिखाया गया योग



कालीचरण पीजी कालेज में योग अभ्यास करते विद्यार्थी • सौ. कालेज

जासं, लखनऊ : कालीचरण पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से बुधवार को दो दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ किया गय। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय के मार्गदर्शन में दो दिवसीय योग शिविर में लगभग 60 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रयाग आरोग्य केंद्र के संस्थापक प्रशांत शुक्ला व योग प्रशिक्षक विनीत कुमार ने विद्यार्थियों को योग की बारीकियां सिखाई। उन्हें विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। प्रशिक्षण शिविर में दोनों प्रशिक्षकों ने योग में भविष्य बनाने एवं योग के कौशल को सुधारने की तकनीक भी विद्यार्थियों को बताई। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी डा. अल्का द्विवेदी, डा. मुकेश कुमार मिश्रा, डा. राजकुमार सिंह एवं डा. शिव कुमार उपस्थित रहे।

### एक नजर में

**विषम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जारी**

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को बीफार्मा तीसरे सेमेस्टर और एलएलबी पांचवें सेमेस्टर के परिणाम जारी कर दिए। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी निर्देश के अनुसार विद्यार्थी www.lkouniv.ac.in पर परिणाम देख सकते है। (जासं)

**कैंपस प्लेसमेंट**

लखनऊ : कालीचरण पीजी कालेज में सोमवार को बीएसएन इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर चंद्रमोहन उपाध्याय ने बताया कि प्रथम चरण में 28 और दूसरे चरण में 10 विद्यार्थियों को चयनित कर ट्रेनिंग के लिए संस्तुति की गई। इन विद्यार्थियों को विशेष ट्रेनिंग के माध्यम से सेल्स एंड मार्केटिंग सेक्टर में कंपनी रोजगार देगी। (जासं)

## प्रमुख समाचार

### दो दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ





कालीचरण पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 24 मई 2023 से दो दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ किया गय। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो चंद्र मोहन उपाध्याय के मार्गदर्शन में इस दो दिवसीय शिविर की शुरूआत की गई जिसमें लगभग 60 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री प्रशांत शुक्ला (संस्थापक प्रयाग आरोग्य केंद्र) एवं श्री विनीत कुमार (योग प्रशिक्षक) ने विद्यार्थियों को योग की बारीकियां सिखाई एवं विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। इस प्रशिक्षण शिविर में दोनों प्रशिक्षकों ने योग में भविष्य बनाने एवं योग के कौशल को सुधारने की तकनीक भी विद्यार्थियों को बताई। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अल्का द्विवेदी, डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा, डॉ. राजकुमार सिंह एवं डॉ. शिव कुमार उपस्थित रहे।

# ◆STUDENT CORNER◆

## मौद्रिक नीति समिति (MPC)

मौद्रिक नीति समिति, भारत सरकार द्वारा गठित छः सदस्यों की एक समिति है जिसका प्राथमिक उद्देश्य मुद्रा स्फीति को अधिदेशी (mandatory) स्तर पर बनाए रखना है। संशोधित रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया एक्ट 1934 की धारा 45ZB के अन्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा संस्थापित एक छः सदस्यों की मौद्रिक नीति समिति (Monetary Policy Committee) का प्रावधान किया गया। केन्द्र सरकार ने इस प्रावधान को 27 जून, 2016 को लागू किया। जिसके अन्तर्गत इस प्रकार की प्रथम मौद्रिक नीति समिति का गठन सितम्बर 29, 2016 में किया गया।

रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया एक्ट 1934 को मई, 2016 में संसोधित किया गया। जिसके अन्तर्गत लचीली मुद्रस्फीति लक्ष्यीकरण ढांचे (flexible inflation targeting framework) को कानूनी आधार प्रदान किया गया। साथ ही रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया को भारत में मौद्रिक नीति संचालित कराने का प्राथमिक उत्तरदायित्व दिया गया है। इस प्रकार संवृद्धि के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, मौद्रिक नीति का प्रमुख लक्ष्य कीमत स्थिरता बनाए रखना है। वर्तमान समय में मौद्रिक नीति के अन्तर्गत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को +/−2 प्रतिशत के दायरे में रखते हुए, 4 प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित है।